श्याम तुमसे है मोहब्बत,
तुम ही मेरी जिंदगी।।

तर्ज हर करम अपना करेंगे।

Chorus
दातार है तू दिलदार है तू,
तेरा नाम रटूं मेरा यार है तू,
ओ श्याम मेरे श्याम मेरे श्याम।

श्याम तुमसे है मोहब्बत,
तुम ही मेरी जिंदगी,
हर जनम में सेवा देना,
है यही अर्जी मेरी,
हर जनम में सेवा देना,
है यही अर्जी मेरी।।

बस तेरी रहमत मिले,
कुछ और ना मांगू प्रभु,
एक तुमसे है उम्मीदें,
और ना जानू प्रभु, जानू प्रभु,
तेरी ही किरपा से बाबा,
होंठों पर ये है हँसी,
हर जनम में सेवा देना,
है यही अर्जी मेरी।।

जब जनम लूँ श्याम बाबा,
बस तेरा परिवार हो,
ना मैं माँगू झूठी दौलत,
प्रेम और सत्कार हो,
तेरा प्यार हो,
तेरा ही गुणगान गाऊँ,
तुमसे हो मेरी दिल्लगी,
हर जनम में सेवा देना,
है यही अर्जी मेरी।।

मेरा हर अरमान पूरा,
करते हो तुम चाव से,
मुझको भव से पार किया है,
तुमने अपनी नाँव से,
बड़े चाव से,
सोनी ये अरमान मेरा,
दिल में हो सूरत तेरी,
हर जनम में सेवा देना,
है यही अर्जी मेरी।।

श्याम तुमसे है मोहब्बत,
तुम ही मेरी जिंदगी,
हर जनम में सेवा देना,
है यही अर्जी मेरी,
हर जनम में सेवा देना,
है यही अर्जी मेरी।।

Source: https://www.bharattemples.com/shyam-tumse-hai-mohabbat-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw